Title: IITGn Contract with Tata Chemicals.

Source: ***Rajasthan Patrika*** page no-05

Date: 27/03/2017

आईआईटी गांधीनगर का टाटा कैमिकल से करार

अहमदाबाद. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर ने टाटा कैमिकल्स लिमिटेड के साथ एक करार पर पिछले दिनों हस्ताक्षर किए हैं।

इसके तहत संस्थान और कंपनी उत्पाद कचरे के मूल्यवर्धन, जंग प्रबंधन एवं टिकाऊपन की तकनीक में सुधार क्षेत्र में अनुसंधान व कार्य करेंगे। इसके अलावा हर्बल मेडिसिन संभावनाओं को भुनाने पर काम करेंगे। आईआईटी गांधीनगर प्रोफेसर सूर्यप्रताप मेहरोत्रा और टाटा कैमिकल्स की ओर से जरीर लंगराना ने हस्ताक्षर किए।